# ऐतिहासिक ट्रेड डील के करीब मोदी-ट्रंप

**भारत-अमेरिका के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदार है**

**अब एक निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है वार्ता**

**वाशिंगटन, 11 नवंबर. भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से चल रही व्यापार वार्ता अब एक निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिए हैं कि दोनों देशों के बीच एक नया व्यापार समझौता लगभग तैयार है और जल्द ही उस पर हस्ताक्षर हो सकते हैं.**

उन्होंने यह बयान भारत में अमेरिका के अगले राजदूत सर्जियो गोर के शपथ ग्रहण समारोह में दिया. ट्रंप ने कहा कि यह समझौता पहले से अलग और दोनों देशों के लिए समान लाभ देने वाला होगा.

ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने संबंधों को बेहद मजबूत बताते हुए कहा कि भारत अमेरिका के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदार है. उन्होंने विश्वास जताया कि सर्जियो गोर दोनों देशों के रिश्तों को नई दिशा देंगे. गोर को उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने शपथ दिलाई, जबकि इस मौके पर विदेश मंत्री मार्को रुबियो और वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट भी मौजूद रहे. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका भारत के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने के काफी करीब है. उन्होंने कहा कि बातचीत लगभग पूरी हो चुकी है और अब सिर्फ औपचारिक घोषणा बाकी है. ट्रंप ने यह बात वाशिंगटन में आयोजित एक विशेष समारोह में कही, जहां सर्जियो गोर ने भारत में अमेरिका के नए राजदूत के रूप में शपथ ली. राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, हम भारत के साथ एक नया समझौता कर रहे हैं, जो पहले से अलग होगा. इस बार दोनों देशों को बराबरी का लाभ मिलेगा.

ट्रंप ने कहा कि उनकी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आपसी समझ काफी गहरी है और यही मजबूत रिश्तों की नींव है. उन्होंने भारत की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सुरक्षा साझेदार है. उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी सर्जियो गोर को बधाई दी और कहा कि भारत और अमेरिका की साझेदारी विश्व शांति और आर्थिक स्थिरता के लिए आवश्यक है. विदेश मंत्री मार्को रुबियो तथा वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने भी दोनों देशों के बीच बढ़ते आर्थिक संबंधों की सराहना की. 38 वर्ष के सर्जियो गोर अब तक के सबसे युवा अमेरिकी राजदूत हैं. वे राष्टपति ट्रंप के लंबे समय से करीबी सहयोगी रहे हैं. उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य भारत-अमेरिका साझेदारी को और गहराई देना और नए अवसरों की तलाश करना होगा.

## भारत मंडपम में होगा वैश्विक टेक्सटाइल प्रदर्शनी का आयोजन

**नयी दिल्ली, 11 नवंबर.** वैश्विक टेक्सटाइल प्रदर्शनी भारत टेक्स 2026 का आयोजन अगले साल जुलाई में दिल्ली के भारत मंडपम में किया जायेगा. प्रदर्शनी के आयोजक भारत टेक्स ट्रेड फेडरेशनके को-चेयरमैन भद्रेश डोढिया ने मंगलवार को बताया कि %भारत टेक्स 2026 का आयोजन 14 से 17 जुलाई तक होगा. इस आयोजन का सबसे बड़ा कार्यक्रम वैश्विक टेक्सटाइल परिचर्चा 2026 जिसमें अन्य लोगों के साथ उद्योग के शीर्ष अधिकारी, नीति निर्माता और सतत विकास के विशेषज्ञ शामिल होंगे. पिछले साल हुई प्रदर्शनी में 1,20,000 विजिटर आये थे. उसमें 2.5 अरब डॉलर के व्यापार के अवसर खुले और विशेष तौर पर 2,100 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले थे.

# अडानी समूह बनायेगा ऊर्जा भंडारण प्रणाली

## परियोजना के मार्च 2026 तक चालू होने की संभावना

**अहमदाबाद, 11 नवंबर. अडानी समूह ने 1126 मेगावाट बिजली क्षमता और 3530 मेगावाट आवर ऊर्जा क्षमता वाली परियोजना के साथ बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली क्षेत्र में कदम रखने की घोषणा की है.**

समूह ने मंगलवार को बताया कि इस परियोजना में 700 से ज़्यादा बीईएसएस कंटेनर लगाये जायेंगे, जो देश में सबसे बड़ा बीईएसएस इंस्टॉलेशन होगा और दुनिया के सबसे बड़े सिंगल-लोकेशन बीईएसएस डिप्लॉयमेंट में से एक होगा. इस परियोजना के मार्च 2026 तक चालू होने की संभावना है. अडानी ने बताया कि यह पहल देश की ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाने, चौबीसों घंटे बिजली देने और देश को लो-कार्बन भविष्य की ओर ले जाने में एक बड़ा कदम है. यह परियोजना पीक लोड प्रेशर को कम करने, ट्रांसमिशन कंजेशन को घटाने और सोलर कटौती को कम करने में अहम भूमिका निभायेगा, जिससे ग्रिड की विश्वसनीयता और दक्षता में सुधार होगा. यह परियोजना गुजरात के खावड़ा में अडानी के नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्र में बनायी जा रही है और इसपर काफी काम हो भी चुका है.



इसे अत्याधुनिक लिथियम-आयन बैटरी टेक्नोलॉजी के साथ विकसित किया जा रहा है और बेहतर प्रदर्शन तथा विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली के साथ जोड़ा जा रहा है. अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने कहा, ऊर्जा भंडारण नवीकरणीय ऊर्जा से चलने वाले भविष्य की आधारशिला है. इस ऐतिहासिक परियोजना के साथ हम न केवल वैश्विक मानक स्थापित कर रहे हैं, बल्कि देश की ऊर्जा स्वतंत्रता और सस्टेनेबिलिटी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी मजबूत कर रहे हैं. यह पहल हमें बड़े पैमाने पर विश्वसनीय, स्वच्छ और किफायती ऊर्जा समाधान देने में सक्षम बनायेगी.

# एआई से सॉफ्टबैंक की बंपर कमाई, मुनाफा दोगुना

**ओपनएआई में हिस्सेदारी बढ़ी, सॉफ्टबैंक का रिकॉर्ड लाभ**

**सॉफ्टबैंक को एआई निवेश से 2.5 ट्रिलियन येन का मुनाफा**

**टोक्यो, 11 नवंबर. जापान की अग्रणी निवेश कंपनी सॉफ्टबैंक ग्रुप ने इस साल की दूसरी तिमाही में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2.5 ट्रिलियन येन (लगभग 16.6 अरब डॉलर) का शुद्ध लाभ दर्ज किया है.**

कंपनी का मुनाफा पिछले वर्ष की तुलना में दोगुने से भी अधिक है. इस बढ़ोतरी का सबसे बड़ा कारण ओपनएआई में सॉफ्टबैंक की हिस्सेदारी का मूल्य बढ़ना बताया जा रहा है.

ओपनएआई, जिसने चैटजीपीटी जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स बनाए हैं, में सॉफ्टबैंक ने इस वर्ष भारी निवेश किया था. विश्लेषकों के अनुसार, जहां बाजार 207 अरब येन के लाभ की उम्मीद कर रहा था, वहीं सॉफ्टबैंक ने उससे कहीं अधिक 2.5 ट्रिलियन येन का लाभ अर्जित किया. कंपनी की विजन फंड इकाई ने अकेले 3.5 ट्रिलियन येन का निवेश लाभ दर्ज किया, जिसमें से करीब 2.16 ट्रिलियन येन ओपनएआई से जुड़े निवेश से आया. सॉफ्टबैंक के शेयर भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए हैं. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दुनिया में सॉफ्टबैंक ग्रुप का बड़ा दांव अब शानदार नतीजे दे रहा है. कंपनी ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में 2.5 ट्रिलियन येन (16.6 अरब डॉलर) का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो बीते वर्ष की समान अवधि से दोगुना है. रिपोर्ट के अनुसार, विश्लेषकों ने मात्र 207 अरब येन के लाभ का अनुमान लगाया था, लेकिन कंपनी ने उम्मीद से 12 गुना ज्यादा लाभ दर्ज किया. पिछले साल इसी तिमाही में सॉफ्टबैंक का लाभ 1.18 ट्रिलियन येन था. विजन फंड इकाई ने इस बार 3.5 ट्रिलियन येन का निवेश लाभ दर्ज किया, जिसमें से 2.16 ट्रिलियन येन सीधे तौर पर ओपनएआइ से जुड़े निवेशों से आया. मार्च 2025 में सॉफ्टबैंक ने ओपनएआई में 300 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर हिस्सेदारी ली थी, जबकि अक्टूबर में कंपनी ने 6.6 अरब डॉलर के शेयर 500 अरब डॉलर वैल्यूएशन पर खरीदे. इन निवेशों के लिए सॉफ्टबैंक ने एनवीडिया के लगभग 32.1 मिलियन शेयर बेचकर 5.83 अरब डॉलर जुटाए. इसके अलावा, अप्रैल से अब तक कंपनी ने 620 अरब येन, 2.2 अरब डॉलर और 1.7 अरब यूरो के बांड जारी किए.

# सोने-चांदी के रेट में तेजी

**नई दिल्ली, 11 नवंबर. भारत में आज सोने और चांदी के दामों में तेज उछाल दर्ज किया गया है. 11 नवंबर 2025 को सुबह के कारोबार में 24 कैरेट सोना करीब 246 रुपये प्रति ग्राम महंगा हो गया है, जबकि चांदी के दाम में 3000 रुपये प्रति किलो की वृद्धि हुई है.**

देशभर के प्रमुख शहरों जैसे दिल्ली, पटना, जयपुर, सूरत, कानपुर और लखनऊ में सोने के दाम बढ़ गए हैं. वहीं, 22 कैरेट सोने की कीमत भी 225 रुपये प्रति ग्राम तक बढ़ी है. अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर इंडेक्स में नरमी और जियोपॉलिटिकल तनावों के चलते निवेशक गोल्ड में शिफ्ट हो रहे हैं. दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 12,643 रुपये प्रति ग्राम, जबकि 22 कैरेट का भाव 11,590 रुपये प्रति ग्राम है. भारत में 10 ग्राम चांदी का भाव 1,600 रुपये और 1 किलो चांदी का भाव 1,60,000 रुपये तक पहुंच गया है. सोने-चांदी की इस तेजी के कारण ज्वैलर्स और निवेशकों में हलचल बढ़ गई है. भारत में सोने-चांदी के दामों में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है. मंगलवार यानी 11 नवंबर 2025 को घरेलू बाजार में सोना 246 रुपये प्रति ग्राम और चांदी 3000 रुपये प्रति किलो महंगी हो गई. दिल्ली में आज 24 कैरेट सोने का भाव 12,643 रुपये, 22 कैरेट का 11,590 रुपये और 18 कैरेट का 9,486 रुपये प्रति ग्राम है. वहीं, भारत में औसतन 24 कैरेट सोना 12,628 रुपये प्रति ग्राम पर पहुंच गया है.

# निवेशकों का भरोसा लौटा, सेंसेक्स में रौनक

**335 अंक पर पहुंचा सेंसेक्स**

**120 अंक पर उछला निफ्टी**

**मुंबई, 11 नवंबर. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान ने भारतीय शेयर बाजारों में नई ऊर्जा भर दी. सोमवार को ट्रंप ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच जल्द ही व्यापार समझौता होने की उम्मीद है. इस सकारात्मक संकेत ने मंगलवार को निवेशकों के मनोबल को बल दिया, जिसके चलते घरेलू बाजार लगातार दूसरे दिन बढ़त पर बंद हुए.**

शुरुआती गिरावट के बाद बीएसई सेंसेक्स 335.97 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,694.95 अंक पर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी-50 सूचकांक 120.60 अंक (0.47 प्रतिशत) उछलकर 25,694.95 अंक पर जा पहुंचा.

आईटी और ऑटो शेयरों में भारी लिवाली देखने को मिली, जबकि एफएमसीजी और मेटल सेक्टर ने भी मजबूती दिखाई. छोटे शेयरों में हल्की गिरावट रही, लेकिन कुल मिलाकर निवेश धारणा सकारात्मक बनी रही. विशेषज्ञों का कहना है कि ट्रंप के बयान से निवेशकों को यह संकेत मिला कि भारत-अमेरिका आर्थिक साझेदारी अगले चरण में प्रवेश कर सकती है, जो दीर्घकाल में विदेशी निवेश को प्रोत्साहित कर सकती है.



ट्रंप प्रशासन की ओर से भारत के साथ संभावित व्यापार समझौते के संकेत मिलते ही भारतीय शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी बनी रही. मंगलवार को घरेलू सूचकांकों ने शुरुआती सुस्ती को पीछे छोड़कर मजबूती दिखाई. बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 335.97 अंक (0.40प्रतिशत) बढ़कर 80,694.95 अंक पर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 120.60 अंक (0.47प्रतिशत) चढ़कर 25,694.95 अंक पर पहुंच गया.

## वोडाफोन आइडिया को दूसरी तिमाही में 5,524 करोड़ रुपये का नुकसान

**मुंबई, 10 नवंबर.** दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 5,524 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है. कंपनी के सोमवार को जारी वित्तीय परिणामों के अनुसार, तिमाही के दौरान परिचालन से प्राप्त कुल राजस्व 2.4 प्रतिशत बढ़कर 11,194.7 करोड़ रुपये पर पहुंच गया. कंपनी ने बताया कि सितंबर 2025 तक उसका बैंक ऋण घटकर 15.3 अरब डॉलर रह गया, जबकि उसके पास 30.8 अरब डॉलर की नकदी और बैंक बैलेंस है. वोडाफोन आइडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिजीत किशोर ने बताया कि कंपनी ने अपने 4जी कवरेज को 84 प्रतिशत तक बढ़ाया है और 17 सर्किलों में 5जी के रोलआउट का काम पूरा हो गया है. उन्होंने बताया कि कंपनी डेट के जरिये 500-550 अरब रुपये के पूंजी निवेश की अपनी योजना पर काम कर रही है.

# अमेरिका में 15% घटी भारतीय कपड़ों की मांग

**भारत की बाजार हिस्सेदारी पहले की तरह कायम रहेगी**

**नयी दिल्ली, 11 नवंबर. अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर अगस्त में दो बार में उत्पाद शुल्क बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने के कारण जुलाई-सितंबर की तिमाही में कपड़ों के निर्यात में 15 प्रतिशत की गिरावट देखी गयी.**

भारत टेक्स ट्रेड फेडरेशन के को-चेयरमैन भद्रेश डोढ़िया ने यूनीवार्ता के साथ एक विशेष बातचीत में बताया कि पिछली तिमाही जुलाई-सितंबर में अमेरिका को किया जाने वाला कपड़ा निर्यात 15 प्रतिशत घटा है. अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में इसमें और गिरावट की आशंका है. उन्होंने उम्मीद जतायी कि जनवरी तक अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौता हो जायेगा और भारत की बाजार हिस्सेदारी पहले की तरह कायम रहेगी. यूरोपीय बाजार के बारे में डोढ़िया ने कहा कि यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौता पर बात चल रही है. यह समझौता होने के बाद भारतीय उत्पाद बांग्लादेश के उत्पादों से प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे. इसके साथ ही बांग्लादेश में जारी राजनीतिक अशांति का लाभ भी भारत को मिलेगा और कुल मिलाकर 20 से 25 प्रतिशत मांग बांग्लादेश से भारत की तरफ स्थानांतरित होने की उम्मीद है. वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कपड़ों पर करों में कमी के बारे में उन्होंने कहा कि कपड़ा उद्योग के लिए जीएसटी के दो पहलू हैं - एक है कपास और दूसरा मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ). भारत एक कपास आधारित अर्थव्यवस्था थी. एमएमएफ पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगता था और कपास पर पांच प्रतिशत. नयी पीढ़ी की जीएसटी में सभी तरह के फाइबर पर एक समान पांच प्रतिशत कर लगाया गया है. इससे भारतीय उत्पाद सस्ते हुए हैं और दुनिया में प्रतिस्पर्धी बने हैं. वस्त्र निर्यात संवर्धन परिषद के चेयरमैन सुधीर सेखरी ने कहा कि वस्त्र उद्योग में पहले ज्यादा जीएसटी वाले कपड़ों के मामले में उद्यमों को रिटर्न नहीं मिल पाता था, इसलिए वे इसका लाभ ग्राहकों को नहीं दे पाते थे.

## घटी महंगाई, सस्ते हुए तेल-अनाज

**नई दिल्ली.** देश में खुदरा महंगाई दर में अब तक की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है. बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट के अनुसार, अक्टूबर में रिटेल इंफ्लेशन घटकर 0.4% से 0.6% के बीच रह सकता है, जो सितंबर की तुलना में लगभग एक प्रतिशत अंक कम है. इस गिरावट में सबसे बड़ा योगदान दाल, तेल अनाज के दामों में आई कमी का रहा. रिपोर्ट के मुताबिक, अरहर दाल 29% सस्ती हुई है, जो आठ सालों में सबसे बड़ी गिरावट है. वहीं सरसों तेल 16%, सोया तेल 8% और सूरजमुखी तेल 17% तक सस्ते हुए हैं. चावल की कीमतें लगातार घट रही हैं और अक्टूबर में इनमें 1.2% की कमी आई, जबकि आटे के दाम 2% बढ़े हैं. 'बॉब एसेंशियल कमोडिटीज इंडेक्स' के अनुसार, ज़रूरी वस्तुओं के दाम अक्टूबर में 1 साल पहले की तुलना में 3.6% घटे, जिससे संकेत मिलता है कि आने वाले महीनों में भी बाजार में राहत बनी रह सकती है.


**KOLHAPUR MUNICIPAL CORPORATION**

**Public Works Department**

As the Estimate for this work was cuploded again on 10/11/2025 A Deadline extension is being given to fill the tender again, Considering the newly uploaded Estimate. The deadline for paying the tender fee and submitted the forms for this work is being extended to 3.30 pm on 12/11/2025. During this period contractors should submit the correct tender. the said tender is available on the www.mahatenders.gov.in. The tender opening date is 18/11/2025 at 4.00 pm

Note - The terms and condition of the original tender notice will remain the same.

Date - 11/11/2025

sd/-

City Engineer

KOLHAPUR MUNICIPAL CORPORATION


## शुरुआती निवेश से अपार लाभ कमाया

कंपनी के संस्थापक मासायोशी सोन को तकनीकी निवेशों में बड़े जोखिम लेने के लिए जाना जाता है. उन्होंने अलीबाबा में शुरुआती निवेश से अपार लाभ कमाया था, लेकिन वीवर्क में उन्हें भारी नुकसान झेलना पड़ा. अब उनका पूरा फोकस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा सेंटर, और सेमीकंडक्टर डिजाइन कंपनियों पर है. सॉफ्टबैंक ने हाल ही में एम्पीयर नामक चिप डिजाइन कंपनी के अधिग्रहण के लिए 6.5 अरब डॉलर का ब्रिज लोन भी तय किया है. बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि यह एआई-केंद्रित रणनीति सॉफ्टबैंक को भविष्य के टेक सेक्टर का ग्लोबल पावरहाउस बना सकती है.

**अक्टूबर में इक्विटी म्युचुअल फंडों में19 प्रतिशत गिरावट: नयी दिल्ली.** अक्टूबर में देश के प्रमुख शेयर सूचकांकों में सुधार के बावजूद म्यूचुअल फंड कंपनियों की शेयर निवेश योजनाओं में निवेशकों का आकर्षण कम हुआ.


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम अखिल कुमार वाधवानी था। जिसे बदलकर अखिल वाधवानी कर दिया गया है। अब मुझे अखिल वाधवानी पुत्र विजय कुमार वाधवानी नाम से जाना व पहचाना जाएं।

सही: अखिल वाधवानी

वार्ड नं. 28, विवेकांनद कॉलोनी, बालाघाट (म.प्र.)

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम गोपाल कुमार अग्रवाल GOPAL KUMAR AGRAWAL था। जिसे बदलकर गोपाल प्रसाद अग्रवाल GOPAL PRASAD AGRAWAL कर दिया गया है।

मुझे GOPAL PRASAD AGRAWAL S/o HARIPRASAD AGRAWAL नाम से जाना व पहचाना जाएं।

सही: गोपाल प्रसाद अग्रवाल

रानी दुर्गावती वार्ड सिवनी (म.प्र.)

**जाहिर सूचना**

मैं अपने पक्षकार केनरा बैंक शाखा ब्यावरा द्वारा शाखा प्रबंधक केनरा बैंक शाखा ब्यावरा जिला राजगढ़ म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार बैंक शाखा में श्रीमति ज्योति यादव पत्नि श्री जगदीश यादव पिता स्व. श्री पन्नालाल जी यादव निवासी 5/1 जैन नगर लालघाटी नयापुरा हुजुर भोपाल जिला भोपाल म.प्र. ने उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भूखंड/भवन जिसका क्रमांक 5/1 कुल क्षेत्रफल 1500 वर्गफीट जो आम्रपाली गृह निर्माण सहकारी संस्था महावीर गिरी वार्ड क्र. 06 नयापुरा लालघाटी भोपाल तहसील हुजुर जिला भोपाल म.प्र. में स्थित है को बतौर बैंक शाखा में बंधक रखकर गृह ऋण लिया जाना प्रस्तावित किया है श्रीमति ज्योति यादव पत्नि श्री जगदीश यादव को उक्त भूखंड पर स्वामित्व एवं आधिपत्य आम्रपाली गृह निर्माण सहकारी संस्था द्वारा श्री राजेन्द्र कुमार जैन से क्रय करने के उपरांत व अपनी माता श्रीमति प्रेमलता यादव पति श्री पन्नालाल यादव के निधन होने के उपरांत उनके वैध उत्तराधिकारी होने के नाते प्राप्त हुआ है. अत: इस सार्वजनिक सूचना पत्र के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि मेरे पक्षकार बैंक शाखा के द्वारा किए जाने वाले उक्त संव्यवहार में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्था, सोसायटी, शासकीय या अर्द्ध शासकीय उपक्रम या अन्य किसी भी प्रकार की लेनदारी या ऋण हो तो वह इस सार्वजनिक सूचना के 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में अपनी आपत्ति मय दस्तावेजों व साक्ष्य के साथ प्रस्तुत करें. समय सीमा समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार बैंक शाखा श्रीमति ज्योति यादव पत्नि श्री जगदीश यादव के उपरोक्त वर्णित भूखंड को बतौर बैंक शाखा में बंधक रखकर गृह ऋण दिया जाना प्रस्तावित कर सकती है. समय सीमा समाप्ति उपरांत किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार बैंक शाखा पर बंधनकारी नहीं होगी एवं समस्त प्रकार की आपत्तियां शून्यवत मानी जावेगी.

भवदीय

सौरभ सक्सेना एडवोकेट

बग्गीखाना चौराहा नरसिंहगढ़

जिला राजगढ़ म.प्र.

मो. 7000758032

**उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर**

**प्रत्यर्थी को अपील की सूचना (नोटिस)**

(अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14)

अपील क्रमांक FA/1300/2025

Process Id: 241545/2025

Respondent No. 1

PAPER PUBLICATION

Fixed for 01-12-2025, on merit

SMT. ANSHU ARORA ... अपीलार्थी

SHRI SHALABH ARORA ... प्रत्यर्थी

सन् 2025 के RCM-HM क्रमांक 1294 सन् 2024 में न्यायालय Principal Judge, Family Court Vijay Singh Kawcha, Jabalpur (Madhya Pradesh) की डिक्री/आदेश, दिनांक 09-07-2025 के विरूद्ध अपील।

प्रति, Shri Shalabh Arora S/o Lt. Shri Surendra Kumar Arora, R/o 486/E-Block, Aadharsheela, Bhopal, District-Bhopal Madhya Pradesh प्रत्यर्थी

अपील की सुनवाई का दिनांक- कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री Appellant द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीयित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 01-12-2025 नियत की गई है। आपत्तियां, प्रति आपत्तियां, यदि कोई हो, इस सूचना (नोटिस) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए। कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक- कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 01-12-2025 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की, जो आप कागजातों करने का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते हैं, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें। सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं है जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है। सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये- कागज का विवरण (दिनांक सुभेदक चिन्ह तथा पृष्ठ संख्या) (1), पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है (यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो, तो पंक्तियों आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें) (2), कागजात की पुस्तक का पृष्ठ (कार्यालय में भरा जाए) (3)। यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हों, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक 01-12-2025 को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें। आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के काम-काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ, तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा। अपील से संयत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है और निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं। आज दिनांक ........ को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश जबलपुर की मुहर से दिया गया।

(मुहर) प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा

**MOIL LIMITED**

(A GOVERNMENT OF INDIA ENTERPRISE)

CIN:L99999MH1962GOI012398

Registered & Corporate Office;

"MOIL BHAWAN", 1-A, Katol Road, Nagpur - 440 013, Maharashtra

Tel.: 0712-2806208/154 | Fax: 0712-2591661

Email: compliance@moil.nic.in | Website: www.moil.nic.in

**Extracts of un-audited financial results for the quarter and half year ended 30th September, 2025**

(₹ in Lakhs)

| Sr. No. | Particulars | Quarter ended 30.09.2025 Unaudited | Quarter ended 30.09.2024 Unaudited | Half Year ended 30.09.2025 Unaudited |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from operations | 34804.78 | 29189.29 | 69610.76 |
| 2 | Net profit/ (loss) for the period (before tax, exceptional and/or extraordinary items) | 8975.57 | 6815.53 | 15358.01 |
| 3 | Net profit/ (loss) for the period before tax (after exceptional and/or extraordinary items) | 8975.57 | 6815.53 | 15358.01 |
| 4 | Net profit/ (loss) for the period after tax (after exceptional and/or extraordinary items) | 7043.85 | 4995.92 | 12194.43 |
| 5 | Total comprehensive income for the period [comprising profit/ (loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 5775.35 | 4995.50 | 9700.35 |
| 6 | Equity share capital (Face value of ₹10 each) | 20348.52 | 20348.52 | 20348.52 |
| 7 | Reserve (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Balance Sheet | 249865.57 | 240000.10 | 249865.57 |
| 8 | Earnings per share from continuing operations (Face value of ₹10 each) | | | |
| | Basic | 3.46 | 2.46 | 5.99 |
| | Diluted | 3.46 | 2.46 | 5.99 |

Notes:

1. The above results, reviewed by the Audit Committee, have been approved by the Board of Directors in its meeting held on 11th November, 2025 and have been reviewed by Statutory Auditors of the company. This statement has been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (Ind AS) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 and other recognised accounting practices and policies to the extent applicable.
2. The Board has approved an interim dividend of ₹1.80 per equity share for the financial year 2025-26.
3. The above is an extract of the detailed format of financial results for the quarter and half year ended 30th September, 2025 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. Financial results in detailed format are available on the websites of Stock Exchanges (www.bseindia.com and www.nseindia.com) and on the Company's website (www.moil.nic.in).
4. MOIL has no subsidiary/associate/joint venture company as on 30th September, 2025.
5. Previous period's figures have been regrouped/reclassified, wherever necessary to make them comparable. The figures for the quarter ended 30th September,2025/2024 are balancing figures between the unaudited figures of half year and reviewed figures upto 30th June, 2025/2024.

Scan QR Code for detailed Results

For MOIL Limited

Sd/-

Ajit Kumar Saxena

Chairman-cum-Managing Director

DIN : 08588419

Place: New Delhi

Date: 11th November, 2025

• हर एक काम देश के नाम •

• MOIL – Adding Strength to Steel •

**कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए) नियम 8-(1)**

चूंकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से विख्यात) (IIFL-HFL) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं को राशि चुकाने के लिए एक माँग नोटिस जारी किया गया था, अतः उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधारकर्ता विशेष रूप से और आम जनता को एतद्द्वारा संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन IIFL HFL के प्रभार के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित राशि पर ब्याज सहित लगाया जाएगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है। यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय "IIFL HFL" के बकाया और सभी लागतों, प्रभारों और व्ययों का भुगतान कर देता है, तो सुरक्षित संपत्तियां नहीं बेची जाएंगी।

| उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता | सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति) | कुल बकाया बकाया राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री ज्योतिराज श्री रघुवीर सिंह श्रीमती छाया बाई ज्योतिराज (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10405990) | पटवारी हल्का संख्या 02, खसरा संख्या 43, ग्राम शाजापुर, ईसागढ़, अशोकनगर, मध्य प्रदेश, 473335 - भारत स्थित संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्र, कालीनक्षेत्र, निर्मितक्षेत्र संपत्ति का क्षेत्रफलः 1240.00, 992.00, 1240.00 | रु. 428771/- चार लाख अठ्ठाईस हजार सात सौ इकहत्तर मात्र | 07-08-2025 | 8-Nov-25 |
| श्री भुवनेश्वर दयाल जोशी श्रीमती रेखा बाई जोशी भुवनेश्वर दयाल जोशी (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10394205) | पटवारी हल्का संख्या 34, क्षेत्रफल 1000 वर्ग फुट, खसरा संख्या 663, भामावद, कुंभराज, गुना, मध्य प्रदेश- 473111 में स्थित संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा - भारत क्षेत्र प्रवेश (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्र, निर्मितक्षेत्र, कालीनक्षेत्र संपत्ति क्षेत्रः 1000.00, 806.00, 645.00 | रु. 427793/- चार लाख सत्ताईस हजार सात सौ तेरानवे मात्र | 22-03-2025 | 8-Nov-25 |
| श्री मुकेश गुर्जर श्री परमाल सिंह गुर्जर श्री थान सिंह गुर्जर श्रीमती मनीषा गुर्जर (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10480717) | पटवारी हल्का सं. 45, खसरा संख्या 23, प्राथमिक विद्यालय के पास, ग्राम गणेशखेड़ा, गुना, मध्य प्रदेश, 473001 - भारत स्थित संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्र, कालीनक्षेत्र, | रु. 335771/- तीन लाख पैंतीस हजार सात सौ इकहत्तर मात्र | 08-08-2025 | 8-Nov-25 |
| श्रीमती अंजना सोनारे श्री दिनेश सोनारे (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10586935) | पटवारी हल्का संख्या 74/31, खसरा संख्या 189, ग्राम पिपरिया, ग्राम पंचायत पिपरिया, तहसील भैंसदेही, जिला बैतूल, मध्य प्रदेश, 460225, भारत में स्थित संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा। क्षेत्र प्रवेश (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्र, निर्मितक्षेत्र, कालीनक्षेत्र संपत्ति क्षेत्रः 600.00, 471.00, 370.00 | रु. 273279/- दो लाख तिहत्तर हजार दो सौ उन्यासी मात्र | 08-08-2025 | 7-Nov-25 |
| श्री उधम सिंह गुर्जर श्रीमती रामसखी बाई गुर्जर उधम सिंह दूध बिक्री (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10613095) | पटवारी हल्का संख्या 45, खसरा संख्या 23 वाली संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा, ग्राम गणेश खेड़ा, ग्राम पंचायत उमरी, तहसील एवं जिला गुना, मध्य प्रदेश, 473113, भारत में स्थित है। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्र, निर्मित क्षेत्र, कालीनक्षेत्र संपत्ति क्षेत्रः 1500.00, 896.00, 716.00 | रु. 425369/- चार लाख पच्चीस हजार तीन सौ उनत्तर मात्र | 08-08-2025 | 8-Nov-25 |
| श्री राजकुमार प्रजापति श्री हरिकृष्ण प्रजापति श्रीमती सविता प्रजापति श्रीमती शांति बाई प्रजापति राजकुमार भवन निर्माण कार्य (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10617230) | संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा जिसका सर्वेक्षण क्रमांक 238 है, पीएच नं. 45, गाँव उमरी, पोस्ट उमरी, तहसील गुना, जिला गुना, मध्यप्रदेश, भारत, 473113 क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में): संपत्ति प्रकारः भूमिक्षेत्र, निर्मितक्षेत्र, कालीनक्षेत्र संपत्ति क्षेत्रः 1200.00, 800.00, 640.00 | रु. 426613/- चार लाख छब्बीस हजार छह सौ तेरह मात्र | 13-06-2025 | 8-Nov-25 |
| श्रीमान शुभम उपाध्याय श्रीमति संगीता उपाध्याय कृषि आय और किराना दुकान और दूध डेयरी (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10754233) | पटवारी हल्का संख्या 51, खसरा संख्या 607 वाली संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा, ग्राम सिंगापुर गंजन, तहसील देवरी, जिला सागर, मध्य प्रदेश, 470226, भारत में स्थित है। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्र, कालीनक्षेत्र संपत्ति क्षेत्रः 1000.00, 900.00 | रु. 462231/- चार लाख बासठ हजार दो सौ इकतीस मात्र | 12-08-2025 | 7-Nov-25 |
| श्री किशन काछी श्रीमती विजय रानी (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10764353) | पटवारी हल्का संख्या 06, वार्ड संख्या 13, खसरा संख्या 322, ग्राम पंचायत खिमलासा, ग्राम खिमलासा, तहसील खुरई, जिला सागर, मध्य प्रदेश, 470118, भारत में स्थित संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा। क्षेत्र प्रवेश (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्र, निर्मित उपक्षेत्र, कालीनक्षेत्र संपत्ति क्षेत्रः 840.00, 250.00, 450.00 | रु. 467599/- चार लाख सड़सठ हजार पाँच सौ निन्यानवे मात्र | 12-08-2025 | 7-Nov-25 |

अधिक जानकारी के लिए कृपया शाखा कार्यालयः 249, द इनफिनिटी, प्रथम तल, एम.पी. नगर, जोन II, तुलसी होटल के पास, भोपाल-462011/ आईडीबीआई बैंक के ऊपर, मंडीदीप मेन रोड, जीएल-462046/ प्रथम तल, होटल सूर्या के ऊपर, प्लेटफॉर्म संख्या-1 के पास, रेलवे स्टेशन, विदिशा-464001 या कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट संख्या 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा के प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

स्थानः भोपाल

दिनांकः 12-11-2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए।